Bihar Public Service Commission

BPSC

Bihar Public Service Commission

डाउनलोड

बिहार लोक सेवा आयोग

(बीपीएससी) 44वीं

प्रारंभिक परीक्षा

प्रश्न पत्र

Downloaded from: www.studymarathon.com

44वीं BPSC संयुक्त प्रतियोगिता (P.T.) परीक्षा-2001

सामान्य अध्ययन

1. निम्नलिखित में से किसको चालकोलिथिक युग भी कहा जाता है?
(A) पुरा पाषण युग (Old stone age)
(B) नव पाषाण युग (New stone age)
(C) ताम्र पाषाण युग (Copper age)
(D) लौह युग (Iron age)

उत्तर-(C)

व्याख्या-पाषाण युग की समाप्ति के बाद बहुत समय तक मनुष्य ने तांबे तथा पत्थर के उपकरणों का साथ-साथ प्रयोग किया। इन्हें ताम्रपाषाणिक या Chalcolitic युग कहा गया।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-43

2. निम्नलिखित में से कौन-सी बात बौद्ध धर्म तथा जैन धर्म में समान नहीं है?
(A) अहिंसा
(B) वेदों के प्रति उदासीनता
(C) आत्म दमन
(D) रीति रिवाजों की अस्वीकृति

उत्तर-(C)

व्याख्या-बौद्ध तथा जैन दोनों धर्म अहिंसा में विश्वास करते हैं। दोनों धर्म वेद तथा कर्मकांडों के विरोधी हैं। जैन धर्म आत्मदमन पर अत्यधिक बल देता है, जबकि बुद्ध ने कठोर आत्मदमन की जगह मध्यम मार्ग का अनुसरण दिया।

3. निम्नलिखित में से किस राजा ने पाटलिपुत्र बसाया था?
(A) शिशुनाग
(B) बिम्बिसार
(C) अजातशत्रु
(D) उदायिन

उत्तर-(D)

व्याख्या-पाटलीपुत्र नगर की स्थापना मगध के हर्यंकवंशी राजा उदायिन/उद्यभद्र (460-444 BC) ने की तथा अपनी राजधानी राजगृह से बदलकर यहाँ स्थापित की।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-937

4. निम्नलिखित में से किस नगर में प्रथम बौद्ध सभा आयोजित की गई थी?
(A) नालंदा
(B) गया
(C) राजगीर
(D) बौद्ध गया

उत्तर-(C)

व्याख्या-प्रथम् बौद्ध संगीति बुद्ध की मृत्यु के ठीक बाद राजगृह की सप्तपर्णि गुफा में हुई। संगीति की अध्यक्षता महाकस्सप ने की। इसमें बुद्ध की शिक्षाओं को सुत्त तथा विनय नामक दो पिटकों में संकलित किया गया। इस समय मगध के शासक अजातशत्रु थे।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-831

5. निम्नलिखित में से मगध का कौन राजा सिकन्दर महान के समकालीन था?
(A) महापद्मानन्द
(B) घनानन्द
(C) सुकल्प
(D) चन्द्रगुप्त मौर्य

उत्तर-(B)

व्याख्या-सिंकदर लगभग 335 ईसापूर्व में मेसीडोनिया का शासक बना। उसका भारतीय क्षेत्र में पदार्पण 326 इसापूर्व में हुआ। 325 ईसापूर्व में वह वापस लौटा तथा 323 ईसापूर्व के आसपास बेबीलोन में मर गया। चंद्रगुप्त मौर्य अंतिम नंद राजा घनानंद को मारकर 323 BC में मगध का सम्राट बने थे।

6. मौर्य वंश के पश्चात् किस वंश का राज स्थापित हुआ?
(A) शक वंश
(B) कुषाण वंश
(C) सातवाहन वंश
(D) शुंग वंश

उत्तर-(D)

व्याख्या-पुष्यमित्र शुंग ने 184 ईसापूर्व में अंतिम मौर्य शासक बृहद्रथ को मारकर शुंग वंश की स्थापना की।
स्रोत-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-278

7. निम्न में से किस सुल्तान से निजामुद्दीन औलिया ने भेंट करने से इंकार कर दिया था?
(A) जलालुद्दीन खिलजी
(B) अलाउद्दीन खिलजी
(C) ग्यासुद्दीन तुगलक
(D) मुहम्मद बिन तुगलक

उत्तर-(A)

व्याख्या-निजामुद्दीन औलिया (चिश्ती संप्रदाय) ने दिल्ली के सात सुल्तानों को देखा था। जलालुद्दीन खिलजी ने उनसे मिलने का आग्रह किया, किंतु औलिया ने अस्वीकार कर दिया।
स्रोत-मध्यकालीन भारतीय संस्कृति/आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव/शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/पृष्ठ-66.

8. निम्नलिखित में से किस सुल्तान ने पहले "हजरते आला" (Hazarat-i-Ala) की उपाधि अपनाई और बाद में 'सुल्तान' की?
(A) बहलोल लोदी
(B) सिकन्दर लोदी
(C) शेरशाह सूरी
(D) इस्लाम शाह सूरी

उत्तर-(A)

Downloaded from: www.studymarathon.com

व्याख्या-दिल्ली सल्तनत में प्रथम् अफगान राज्य की स्थापना बहलोल लोदी (1451-1498) ने की थी। शुरू में वह 'हजरते-आला' की उपाधि से ही काम चलाता रहा। बाद में उसने 'सुल्तान' की उपाधि धारण की।

9. निम्नलिखित में से किस सुल्तान ने फलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए उपाय किये?

(A) मुहम्मद बिन तुगलक (B) फिरोज तुगलक
(C) सिकन्दर लोदी (D) शेरशाह सूरी

उत्तर-(B)

व्याख्या-फिरोज तुगलक को बागों का बहुत शौक था। उसने दिल्ली के आसपास अच्छी गुणवत्ता के फलों के 1200 बाग लगवाए, जिससे प्रति वर्ष एक लाख अस्सी हजार टंका की आय होती थी।

स्रोत-भारत का इतिहास-1000-1707/आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव/शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/1991/पृष्ठ सं०-161

10. निम्नलिखित में से किस सुल्तान ने एक नगर बसाया, जहाँ अब आगरा है।

(A) मुहम्मद बिन तुगलक (B) फिरोज तुगलक
(C) बहलोल लोदी (D) सिकन्दर लोदी

उत्तर-(D)

व्याख्या-सिकंदर लोदी (1489-1517) ने 1504 ई. में आगरा को, जो उस समय बयाना के अधीन एक छोटा-सा गाँव था, अपनी राजधानी बनाया।

स्रोत-भारत का इतिहास-1000 से 1707/आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव/ शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/1991/पृष्ठ सं०-193

11. निम्नलिखित में से प्रथम कर्नाटक युद्ध का कौन-सा तात्कालिक कारण था ?

(A) अंग्रेज और फ्रांसीसियों के बीच प्रतिद्वंद्विता
(B) आस्ट्रिया की राजगद्दी की जंग
(C) कर्नाटक की राजगद्दी का मसला
(D) अंग्रेजों द्वारा फ्रांसीसी जहाजों का अभिग्रहण

उत्तर-(D)

व्याख्या-प्रथम् कर्नाटक युद्ध (1746-48) आस्ट्रिया के उत्तराधिकार युद्ध का विस्तार मात्र था। गृह सरकारों की आज्ञा के बिना ही दोनों दलों में 1746 में तब युद्ध शुरू हो जाय, जब बारनैट के नेतृत्व में अंग्रेजी नौसेना ने कुछ फ्रांसीसी जलपोत पकड़ लिया।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं०-41

12. किस मुगल बादशाह को वजीर गाजीउद्दीन ने दिल्ली में दाखिल नहीं होने दिया था ?

(A) आलमगीर द्वितीय (B) शाह आलम द्वितीय
(C) अकबर द्वितीय (D) बहादुरशाह द्वितीय

उत्तर-(B)

व्याख्या-शाहआलम-द्वितीय (1759-1806) को उसके वजीर गाजीउद्दीन ने दिल्ली में दाखिल होने नहीं दिया था। 1772 को मराठों ने उसे दिल्ली की गद्दी पर बिठाया। पुनः गुलाम कादिर ने 1788 में उसे अंधा करवा दिया।

13. किस अंग्रेज अधिकारी ने पुर्तगालियों को स्वेल्ली (Sowlley) के स्थान पर हराया था ?

(A) विलियम हॉकिन्स (B) थॉमस बैस्ट
(C) थोमस रो (D) जोशिया चाइल्ड

उत्तर-(B)

व्याख्या-मुगल दरबार में पुर्तगाली प्रभाव घटाने तथा ब्रिटिश प्रभाव बढ़ाने के उद्देश्य से East India Company ने 1612 तथा 1614 में स्वेल्ली (Sowelly) के युद्ध में पुर्तगालियों को हराया।

14. "वन्दे मातरम" गीत लिखा था-

(A) जयप्रकाश नारायण (B) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद
(C) बिरसा मुण्डा (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(D)

व्याख्या-बंकिमचंद्र चटर्जी के उपन्यास 'आनंदमठ' से 'वंदे मातरम्' गीत लिया गया है। कांग्रेस के अधिवेशन में सर्वप्रथम 1896 में यह गीत गाया था।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर/अलका मेहता, यशपाल/एस.चंद एंड कंपनी/पृष्ठ2010/पृष्ठ सं०-574

15. किस अधिनियम के तहत लार्ड कार्नवालिस को अपनी काउंसिल के फैसलों को रद्द करने का अधिकार मिला था?

(A) रेग्यूलेटिंग एक्ट (B) 1786 का एक्ट
(C) 1793 का चार्टर एक्ट (D) 1813 का चार्टर एक्ट

उत्तर-(B)

व्याख्या-1786 के अधिनियम के द्वारा कार्नवालिस को गवर्नर जनरल के साथ-साथ मुख्य सेनापति की भी शक्तियाँ दी गईं तथा विशेष परिस्थिति में उसे अपनी परिषद (Council) के नियमों को रद्द करने का अधिकार दिया गया।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर/अलका मेहता, यशपाल/एस.चंद एंड कंपनी/पृष्ठ-2010/ पृष्ठ सं०-379-71

16. किस भारतीय नेता ने लंदन में प्रथम गोलमेज कान्फ्रेन्स में भाग लिया था ?

(A) मौलाना मुहम्मद अली
(B) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(C) महात्मा गाँधी
(D) पं० जवाहर लाल नेहरू

उत्तर-(A)

व्याख्या-प्रथम गोलमेज सम्मेलन (1930) में कांग्रेस ने भाग नहीं लिया था। अन्य पक्षों के कई नेताओं ने भाग लिया था, यथा-मुहम्मद अली, आगा खान, जिन्ना, मु. शफी, फजलुल हक, मुंजे, जयकर, सप्रू, चिंतामणि, श्रीनिवास शास्त्री आदि।

स्रोत-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992

Downloaded from: www.studymarathon.com

17. किस नेता ने 1906 ई॰ में कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता की थी
(A) बाल गंगाधर तिलक (B) गोपालकृष्ण गोखले
(C) अरबिन्द घोष (D) दादाभाई नौरोजी
उत्तर-(D)
व्याख्या-1906 के कलकत्ता अधिवेशन के समय अध्यक्ष के प्रश्न पर कांग्रेस में विभाजन की नौबत आ गई थी, लेकिन दादाभाई नौरोजी के अध्यक्ष बनने पर यह विभाजन टल गया।
स्रोत-भारत का स्वतंत्रता संघर्ष/बिपिन चन्द्र तथा अन्य/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2004/पृष्ठ सं॰-97

18. वैयक्तिक सत्याग्रह (Individual civil disobedience) किसने आरम्भ किया ?
(A) विनोबा भावे (B) जवाहरलाल नेहरू
(C) सरदार पटेल (D) शौकत अली
उत्तर-(A)
व्याख्या-द्वितीय विश्वयुद्ध छिड़ने के बाद गांधीजी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह करने का निर्देश दिया। इसका उद्देश्य था युद्ध में भारत को शामिल करने का विरोध करना। विनोबा भावे पहले सत्याग्रही थे (17 Oct, 1940) तथा जवाहरलाल नेहरू दूसरे।
स्रोत-भारत का स्वतंत्रता संघर्ष/बिपिन चंद्र एवं अन्य/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2004/पृष्ठ सं॰-362

19. किसकी दृष्टि में "क्रिप्स प्रस्ताव एक टूटते हुए बैंक के नाम एक उत्तरदिनांकित चेक" (Post-dated cheque upon a crashing bank) था?
(A) महात्मा गाँधी (B) पं॰ जवाहरलाल नेहरू
(C) जे. बी. कृपलानी (D) जय प्रकाश नारायण
उत्तर-(A)
व्याख्या-क्रिप्स प्रस्ताव (1942) को गांधीजी ने उत्तरदिनांकित चेक (Post-doted cheque) कहा और किसी अन्य ने इसमें जोड़ दिया कि "टूटने वाले बैंक पर" (on a failing bank).
स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस.चंद कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-317

20. भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया गया-
(A) 1940 ई॰ में (B) 1941 ई॰ में
(C) 1942 ई॰ में (D) 1945 ई॰ में
उत्तर-(C)
व्याख्या-प्रसिद्ध भारत छोड़ो आंदोलन अगस्त, 1942 में शुरू किया गया। गांधीजी ने इसमें 'करो या मरो' का नारा दिया था।

21. फारवर्ड ब्लॉक की स्थापना किसने की ?
(A) सुभाषचन्द्र बोस (B) राजेन्द्र प्रसाद
(C) भगत सिंह (D) बी. आर. अम्बेडकर
उत्तर-(A)
व्याख्या-जनवरी, 1939 को त्रिपुरी अधिवेशन के लिए कांग्रेस के अध्यक्ष सुभाष चंद्र चुने गए। किंतु गांधीजी के विरोध के कारण उन्होंने इस्तीफा दे दिया और 3 मई, 1939 को फारवर्ड ब्लॉक की स्थापना थी।
स्रोत-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं॰-418, 420

22. दांडी यात्रा की गई-
(A) 1932 ई॰ में (B) 1931 ई॰ में
(C) 1929 ई॰ में (D) 1930 ई॰ में
उत्तर-(D)
व्याख्या-12 मार्च, 1930 को गांधीजी ने साबरमती आश्रम से अपने 78 सहयोगियों के साथ दांडी तट पर जाकर नमक बनाया तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरूआत की। सुभाषचंद्र ने दांडी यात्रा की तुलना नेपोलियन के एल्बा से पेरिस की ओर किए जाने वाले अभियान से की थी।
स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-316

23. कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की पहली बैठक हुई-
(A) दिल्ली में (B) नासिक में
(C) पटना में (D) लाहौर में
उत्तर-(C)
व्याख्या-संपूर्णानंद ने अप्रैल, 1934 में भारत के लिए एक कामचलाऊ समाजवादी कार्यक्रम' की रूपरेखा तैयार की और मई, 1934 में नरेंद्रदेव के सभापतित्व में पटना में कांग्रेस स्पेशलिस्ट पार्टी की स्थापना हो गई।
स्रोत-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं॰-376

24. "स्वराज्य मेरा जन्म-सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा" यह वक्तव्य किससे सम्बन्धित है ?
(A) बिरसा मुण्डा (B) अनुग्रह नारायण सिन्हा
(C) सच्चिदानंद सिन्हा (D) इनमें से किसी से नहीं
उत्तर-(D)
व्याख्या-"स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा" यह तिलक जी का प्रसिद्ध नारा था। वे पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने स्वराज्य की मांग स्पष्ट रूप से की।
स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-331

25. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की थी-
(A) ए. ओ. ह्यूम ने (B) महात्मा गाँधी ने
(C) ऐनी बेसेन्ट ने (D) लाला लाजपत राय ने
उत्तर-(A)

26. बंगाल का विभाजन हुआ-
(A) 1905 ई॰ में (B) 1909 ई॰ में
(C) 1906 ई॰ में (D) 1919 ई॰ में
उत्तर-(A)

Downloaded from: www.studymarathon.com

व्याख्या-ब्रिटिश शासन ने 19 जुलाई, 1905 को बंगाल विभाजन की घोषणा की। विभाजन 16 अक्टूबर, 1905 से प्रभावी हुआ।

स्रोत-भारत का स्वतंत्रता संघर्ष/बिपिनचंद्र तथा अन्य/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2004/पृष्ठ सं॰-86

27. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन कहाँ हुआ था?

(A) दिल्ली में (B) लाहौर में

(C) मुम्बई में (D) पटना में

उत्तर-(C)

व्याख्या-1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन श्री व्योमेश चंद्र बनर्जी की अध्यक्षता में बंबई में हुआ।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-299

28. निम्न में से कौन उग्रपंथी नहीं था?

(A) बालगंगाधर तिलक (B) मदनलाल

(C) ऊधम सिंह (D) गोपालकृष्ण गोखले

उत्तर-(D)

व्याख्या-गोखले (1866-1915) प्रारंभिक उदारवादी/नरमपंथी राजनीतिज्ञ थे। वे राणाडे के शिष्य तथा गांधीजी के राजनैतिक गुरु थे। 1905 में उन्होंने 'भारत सेवक मंडल' (Servants of Indian Society) की स्थापना की।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-329-30

29. महात्मा गांधी दिसम्बर 1931 ई॰ में खाली हाथ कहाँ से भारत लौटे थे ?

(A) लंदन (B) मास्को

(C) वाशिंगटन (D) टोकियो

उत्तर-(A)

व्याख्या-गोलमेज सम्मेलन (1930-32) लंदन में हुए। द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में कांग्रेस की ओर से गांधीजी ने भाग लिया। सांप्रदायिक प्रश्न पर यह सम्मेलन विफल हो गया तथा गांधीजी निराशा में भारत लौट आए।

30. गांधी-इरविन समझौते पर हस्ताक्षर हुए-

(A) 1931 ई॰ में (B) 1935 ई॰ में

(C) 1942 ई॰ में (D) 1919 ई॰ में

उत्तर-(A)

व्याख्या-प्रथम् गोलमेज सम्मेलन से लौटने के बाद सप्रू ने गांधीजी को इर्विन से बातचीत को राजी कर लिया। दोनों पक्षों में बातचीत के बाद समझौते पर 5 मार्च, 1931 को हस्ताक्षर हुए।

स्रोत-स्वतंत्रता संग्राम/बिपिनचंद्र, अमलेश त्रिपाठी, बरूण दे/नेशनल बुक ट्रस्ट/1998/पृष्ठ सं॰-135-35

31. असहयोग आंदोलन का आरंभ किया गया-

(A) 1920 ई॰ में (B) 1930 ई॰ में

(C) 1917 ई॰ में (D) 1921 ई॰ में

उत्तर-(A)

व्याख्या-असहयोग आंदोलन गांधीजी के नेतृत्व में 1 अगस्त, 1920 को शुरू हुआ। दिसंबर, 1920 को कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में सी.आर. दास ने असहयोग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

स्रोत-भारत का स्वतंत्रता संघर्ष/बिपिन चंद्र तथा अलका मेहता/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2004/पृष्ठ सं॰-135-36

32. जयप्रकाश नारायण किस आन्दोलन से सम्बन्धित थे ?

(A) चम्पारण आन्दोलन

(B) असहयोग आन्दोलन

(C) वैयक्तिक सत्याग्रह आन्दोलन

(D) भारत छोड़ो आन्दोलन

उत्तर-(D)

व्याख्या-1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जयप्रकाश नारायण ने मार्च, 1943 में आजाद दस्ते का गठन किया। वे 9 नवंबर, 1942 को हजारीबाग जेल से भाग गये थे।

स्रोत-सृजन बिहार विशेष/PT विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं॰-31

33. सच्चिदानंद सिन्हा किसके साथ जुड़े थे ?

(A) भारत छोड़ो आन्दोलन

(B) दांडी मार्च

(C) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(D) इनमें से किसी के साथ नहीं

उत्तर-(D)

व्याख्या-सच्चिदानंद सिन्हा (1871-1950) आरा के थे। इन्होंने महेश नारायण के साथ पृथक् बिहार के निर्माण का आंदोलन चलाया। वे 9 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष चुने गए। इन्हें आधुनिक बिहार का निर्माता कहा जाता है।

34. ब्रिटिश शासन के दौरान बिहार को एक अलग प्रांत का दर्जा किस वर्ष प्राप्त हुआ ?

(A) 1905 ई॰ में (B) 1912 ई॰ में

(C) 1936 ई॰ में (D) 1946 ई॰ में

उत्तर-(B)

व्याख्या-12 दिसंबर, 1911 को दिल्ली के शाही दरबार में बिहार-उड़ीसा को एक नया प्रांत बनाने की घोषणा की गई। 1 अप्रैल, 1912 को बिहार प्रांत का विधिवत उद्घाटन हुआ, जिसकी राजधानी पटना बनी।

स्रोत-बिहार का इतिहास/कौशलेश्वर राय/किताब महल/2007/पृष्ठ सं॰-223

35. निम्नलिखित में से किस भारतीय को राबर्ट क्लाइव ने बिहार का नायब दीवान (Deputy Deewan) नियुक्त किया था ?

(A) ओमी चन्द (B) मानिक चन्द

(C) राय दुर्लभ (D) शिताब राय

उत्तर-(D)

Downloaded from: www.studymarathon.com

व्याख्या-क्लाइव ने बंगाल में दोहरी शासन प्रणाली लागू की। उसने दीवानी कार्य के लिए दो उप दीवान, बंगाल के लिए रजा खाँ तथा बिहार के लिए शिताब राय नियुक्त किए। रजा खाँ उपनाजिम के रूप में भी कार्य करता था।
स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-62

36. इनमें से कौन बिहार में किसान आन्दोलन के साथ जुड़े थे?
(A) राजेन्द्र प्रसाद (B) सी. आर. दास
(C) मोतीलाल नेहरू (D) भगत सिंह
उत्तर-(A)

व्याख्या-राजेंद्र प्रसाद (1884-1963) ने गांधीजी के साथ चंपारण के किसान आंदोलन में हिस्सा लिया था। वे 1932, 1934, 1939 और 1947 में कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे। स्वतंत्र भारत के पहले राष्ट्रपति थे (1950-62)।
स्रोत-बिहार का इतिहास/कौशलेश्वर राय/किताब महल/2007/ पृष्ठ सं॰-440

37. डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद कहाँ के रहने वाले थे?
(A) उत्तर प्रदेश (B) बिहार
(C) मध्य प्रदेश (D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(B)

व्याख्या-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जन्म 03 दिसंबर, 1884 को बिहार के सारण जिले के जीरादेई ग्राम में एक कायस्थ परिवार में हुआ था।
स्रोत-बिहार का इतिहास/कौशलेश्वर राय/किताब महल/007/ पृष्ठ सं॰-440

38. बिरसा मुंडा किसके पक्ष में थे ?
(A) झारखण्ड (B) उत्तरांचल
(C) छत्तीसगढ़ (D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(A)

व्याख्या-बिरसा मुंडा (1874-1900) ने छोटानागपुर क्षेत्र में मुंडा विद्रोह (1899-00) का नेतृत्व किया था। उन्होंने ठेकेदारों, जागीरदारों, दिकुओं तथा ब्रिटिश शासन का विरोध किया। उन्हें एक स्वतंत्रता सेनानी, झारखंड राज्य का पुरोधा तथा एक उग्र वामपंथी के रूप में याद किया जाता है।
स्रोत-बिहार का इतिहास/कौशलेश्वर राय/किताब महल/2007/ पृष्ठ सं॰-436-37

39. भारत में सर्वोच्च पर्वत शिखर है-
(A) माउण्ट एवरेस्ट (B) कंचनजंघा
(C) (K-2) गॉडविन आस्टिन
(D) नंगा पर्वत
उत्तर-(C)

व्याख्या-भारत का सर्वोच्च पर्वत शिखर K^2 है, जो काराकोरम पर्वत श्रेणी में स्थित है। इसकी ऊँचाई 8,611 मी॰ है। विश्व का सबसे ऊंची पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट है, जिसे नेपाल में 'सागरमाथा' कहा जाता है। इसकी ऊँचाई 8,850 मी॰ है। कंचनजंघा की ऊँचाई 8,598 मी॰ है जो कि सिक्किम राज्य में अवस्थित है।
स्रोत-NCERT, कक्षा-XI, भारत भौतिक पर्यावरण (भूगोल) पृष्ठ सं॰-13, 15, 16

40. महाराष्ट्र एवं कर्नाटक में पश्चिमी घाट कहलाते है-
(A) नीलगिरी पर्वत (B) सह्याद्रि
(C) दक्कन का पठार (D) उपरोक्त में से कोई नहीं।
उत्तर-(B)

व्याख्या-प्रायद्वीपीय पठार का विस्तार उत्तर में सतपुड़ा पर्वत श्रेणी से लेकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक 1500 K.M. की दूरी तक है। इसके पश्चिमी घाट को सहयाद्रि कहा जाता है, जिसका निर्माण लावा से हुआ है। सहयाद्रि ही गोदावरी, कृष्णा एवं कावेरी नदियों का उदगम स्थल है।
स्रोत-NCERT, भारत भौतिक पर्यावरण, कक्षा-XI, पृष्ठ सं॰-22

41. तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग (O.N.G.C.) कब स्थापित हुआ?
(A) सन् 1886 ई॰ में (B) सन् 1914 ई॰ में
(C) सन् 1936 ई॰ में (D) सन् 1956 ई॰ में
उत्तर-(D)

व्याख्या-पेट्रोलियम संसाधनों के विकास तथा पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री के लिए "तेल और प्राकृतिक गैस आयोग" (O.N.G.C) की स्थापना 14 अगस्त 1956 में एक सांविधिक संगठन के रूप में हुई। इस कंपनी को 1 फरवरी 1994 से पब्लिक लिमिटेड कंपनी में बदल दिया गया।
स्रोत-भारत 2013, प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-281

42. किस राज्य में जाड़े के मौसम में बारिश मिलती है?
(A) केरल (B) तमिलनाडु
(C) पश्चिम बंगाल (D) उड़ीसा उत्तर-(B)

व्याख्या-सूर्य दक्षिणायन होने के परिणामस्वरूप गंगा की घाटी में स्थित निम्न वायु दाब का गर्त दक्षिण की ओर खिसकने लगता है, यानी लौटती मानसून जब बंगाल की खाड़ी पार करती है, तो आर्द्रता साथ में लाती है। इसके परिणामस्वरूप अक्टूबर-नवंबर में तमिलनाडु कर्नाटक में अधिक वर्षा होती है।
स्रोत-NCERT भारत भौतिक पर्यावरण, कक्षा-XII, पृष्ठ सं॰-48

43. गन्ने (Sugar cane) के उत्पादन के राज्य घटते क्रम में है-
(A) उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, पंजाब
(B) महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, आन्ध्र प्रदेश
(C) उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक
(D) महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु
उत्तर-(C)

Downloaded from: www.studymarathon.com

व्याख्या-गन्ने के उत्पादन में अग्रणी राज्य-उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, आन्ध्र प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु तथा कर्नाटक का स्थान आता है। भारत में गन्ना सार्वधिक सिंचित फसल है।
स्रोत-NCERT, भारत का भूगोल, कक्षा-XI, पृष्ठ सं॰-99

44. प्रतिशत में अधिकतम वन क्षेत्र है-

(A) अरूणाचल प्रदेश में (B) हिमाचल में
(C) मिजोरम (D) नागालैण्ड में

उत्तर-(C)

व्याख्या-फारेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश में सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला राज्य मध्य प्रदेश है। इसके बाद दूसरे स्थान पर अरुणाचल प्रदेश है। किन्तु कुल भौगोलिक क्षेत्र में वन क्षेत्र के प्रतिशत की दृष्टि से पहला स्थान मिजोरम (90.68%) इसके बाद लक्षद्वीप (84.56%) का स्थान आता है।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ सं॰-104

45. हीराकुण्ड बाँध (Dam) तैयार किया गया है-

(A) नर्मदा पर (B) महानदी पर
(C) गोदावरी पर (D) चम्बल पर

उत्तर-(B)

व्याख्या-हीराकुण्ड बाँध महानदी पर बनाया गया, संसार का सबसे लम्बा बाँध है। यह उड़ीसा राज्य में अवस्थित है। इसका उद्देश्य महानदी के डेल्टा प्रदेश के बाढ़ क्षेत्र पर नियंत्रण करना था, साथ में सिंचाई एवं बिजली का उत्पादन। महानदी छत्तीसगढ़ की सिहावा श्रेणी से निकली है।
स्रोत-NCERT, भारत का भूगोल, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰-58

46. पारादीप अवस्थित है-

(A) केरल राज्य में (B) महाराष्ट्र में
(C) उड़ीसा में (D) आन्ध्र प्रदेश में

उत्तर-(C)

व्याख्या-पाराद्वीप उड़ीसा राज्य में अवस्थित है। पारादीप पत्तन से लौह-अयस्क एवं कोयला का निर्यात होता है। यह एक नदीय एवं ज्वारीय पत्तन है।
स्रोत-NCERT, भारत का भूगोल, कक्षा-X , पृष्ठ सं॰-146

47. सोन, नर्मदा तथा महानदी निकलती है-

(A) पलामू पहाड़ में (B) अमरकण्टक से
(C) पूर्वी घाट से (D) अरावली से

उत्तर-(B)

व्याख्या-सोन और नर्मदा नदी अमरकंटक (मध्य प्रदेश) से निकलती है। सोन गंगा नदी में पटना के निकट मिलती है। नर्मदा पश्चिम की ओर बहती हुई अरब सागर से गिरती है। नर्मदा एवं ताप्ती नदियाँ भ्रंश घाटियों से बहती है। महानदी का उद्गम छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में सिहावा के निकट हुआ है। अत: महानदी नहीं होना चाहिए।

स्रोत-NCERT, भारत भौतिक पर्यावरण (भूगोल) कक्षा-10 पृष्ठ सं॰-33,34

48. कौन-सी नदी भ्रंश-द्रोणी से होकर बहती है?

(A) नर्मदा (B) सोन
(C) गोदावरी (D) कावेरी

उत्तर-(A)

49. भारत का सबसे बड़ा कपास उत्पादक राज्य है-

(A) महाराष्ट्र (B) गुजरात
(C) पंजाब (D) हरियाणा

उत्तर-(B)

व्याख्या-भारत में सबसे अधिक कपास उत्पादक राज्य गुजरात है। (आर्थिक सर्वेक्षण-2010-2011) कपास उत्पादन में भारत विश्व में दूसरा प्रमुख राष्ट्र है। इस मामले में चीन प्रथम, वहीं अमेरिका तीसरे स्थान पर आ गया है।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक-2012, पृष्ठ सं॰ 101,105

50. भारत में शहरी जनसंख्या कुल जनसंख्या के......प्रतिशत के बराबर है-

(A) 25.72 (B) 31.28
(C) 20.28 (D) 22.52

उत्तर-(A)

व्याख्या-2001 ई॰ की जनगणना के अनुसार भारत में शहरी जनसंख्या कुल जनसंख्या के 25.78% के बराबर थी। वर्तमान 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में शहरी जनसंख्या कुल जनसंख्या के 31.2% के बराबर है।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-33

51. गंगा नदी के किनारे सबसे बड़ा शहर है-

(A) वाराणसी (B) पटना
(C) कानपुर (D) इलाहाबाद

उत्तर-(C)

व्याख्या-गंगा नदी के तट पर बसे शहरों की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार-

1. कानपुर (U.P.) - 29 लाख
2. पटना (बिहार) - 20 लाख
3. वाराणसी (U.P.) - 14 लाख
4. इलाहाबाद (U.P) - 12 लाख

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-32

52. किस नदी पर शिवसमुद्रम जलप्रपात है?

(A) कावेरी (B) कृष्णा
(C) गोदावरी (D) महानदी

उत्तर-(A)

व्याख्या-शिव समुद्रम जलप्रपात कावेरी नदी पर स्थित है। यह भारत का प्रथम जल विद्युत केन्द्र स्थापित किया गया था। (सन् 1902 में) यह कर्नाटक राज्य में अवस्थित है।
स्रोत-NCERT, भारत का भूगोल कक्षा-X, पृष्ठ सं॰-60, दिसम्बर, 2001

Downloaded from: www.studymarathon.com

53. किस राज्य में अधिकतम जनसंख्या घनत्व है?
(A) केरल (B) उत्तर प्रदेश
(C) पश्चिम बंगाल (D) महाराष्ट्र
उत्तर-(C)

		जनगणना 2001 जनसंख्या घनत्व	जनगणना 2011 जनसंख्या घनत्व
पश्चिम बंगाल	–	904	1029
बिहार	–	880	1102
केरल	–	819	859
उत्तर प्रदेश	–	689	828
महाराष्ट्र	–	314	365
अखिल भारत का	–	324	382

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-382

54. मानस नदी किस नदी की उपनदी है-
(A) गोदावरी (B) महानदी
(C) कृष्णा (D) ब्रह्मपुत्र उत्तर-(D)
व्याख्या-मानस नदी ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी है यह भूटान से निकलकर दक्षिण की ओर ब्रह्मपुत्र में मिल जाती है।
स्रोत-The ttk स्कूल एटलस, पृष्ठ सं॰-20

55. गद्दी लोग निवासी है-
(A) मध्य प्रदेश के
(B) हिमाचल प्रदेश के
(C) अरूणाचल प्रदेश के
(D) मेघालय के उत्तर-(B)
व्याख्या-गद्दी नामक जनजाति हिमालय प्रदेश की धौलाधर पर्वत श्रेणी पर पायी जाती है। यह चलवासी पशुचारक है।
स्रोत-मानव भूगोल-मजिद हुसैन, पृष्ठ सं॰-485

56. रेगुर मिट्टी सबसे ज्यादा कहाँ पायी जाती है?
(A) महाराष्ट्र में (B) तमिलनाडु में
(C) आन्ध्र प्रदेश में (D) झारखण्ड में
उत्तर-(A)
व्याख्या-काली मिट्टी को ही रेगुर मिट्टी कहते हैं। यह दक्कन की बैसाल्ट चट्टान से विकसित हुई है। ये मृदा इस देश के क्षेत्रफल के 30% भाग में पायी जाती है। इस मिट्टी का रंग गाढ़ा काला और सलेटी होता है। इसमें लौह, चूने और अल्युमिनियम की काफी मात्रा होती है, किन्तु जैव पदार्थ की कमी होती है। इसमें कपास की खेती होती है। इसलिए इसे 'कपासी मिट्टी' भी कहा जाता है। इस मिट्टी का विस्तार सबसे अधिक महाराष्ट्र, गुजरात में पाया जाता है।
स्रोत-NCERT, भारत भौतिक पर्यावरण, कक्षा-XI, पृष्ठ सं॰-80

57. कोरबा कोयला क्षेत्र अवस्थित है-
(A) उड़ीसा में (B) छत्तीसगढ़ में
(C) पश्चिम बंगाल में (D) असम में
उत्तर-(B)
व्याख्या-कोरबा कोयला क्षेत्र छत्तीसगढ़ राज्य में अवस्थित है। यहाँ तापगृह केन्द्र भी है। भारत में मुख्यतः कोयला गोडवाना क्षेत्र में संकेन्द्रित है। विश्व स्तर पर कोयला के उत्पादन में भारत का चौथा स्थान है।
स्रोत-The ttk स्कूल एटलस, भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक, 2012 पृष्ठ सं॰-124

58. यूरेनस सूर्य के चारों ओर एक परिक्रमा में.....लेता है।
(A) 84 वर्ष (B) 36 वर्ष
(C) 18 वर्ष (D) 48 वर्ष उत्तर-(A)
व्याख्या-सूर्य के चारों ओर के परिक्रमण में यूरेनस को 84.01 वर्ष लगता है। वहीं अपने अक्ष पर घूर्णन समय 16.2 घंटे है। इसके उपग्रहों की संख्या-27 है।
स्रोत-नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस, पृष्ठ सं॰-8

59. पृथ्वी के चारों ओर गैसों के समूह को क्या कहते हैं।
(A) भूमण्डल (B) जलकण
(C) वायुमण्डल (D) जलमण्डल
उत्तर-(C)
व्याख्या-हमारी पृथ्वी के चारो ओर गैसों के आवरण को वायुमण्डल कहते हैं, जो पृथ्वी की गुरूत्वाकर्षण शक्ति द्वारा पृथ्वी के साथ जुड़ा हुआ है।
स्रोत-नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस पृष्ठ सं॰-16

60. पिग्मी कहाँ के निवासी है?
(A) अफ्रीका (B) एशिया
(C) आस्ट्रेलिया (D) दक्षिण अमेरिका
उत्तर-(A)

61. रेगुर किसका नाम है?
(A) लाल मिट्टी (B) जलोढ़ मिट्टी
(C) काली मिट्टी (D) लैटेराइट मिट्टी
उत्तर-(C)

62. संसार की छत किसे कहते हैं?
(A) अरावली (B) सतपुड़ा
(C) पामीर (D) म्यामार
उत्तर-(C)
व्याख्या-पामीर के पठार को संसार की छत कहा जाता है; क्योंकि वह संसार में सबसे ऊँचा पठार है। यहाँ से कई पर्वत शृंखलाएँ निकलकर विभिन्न दिशाओं में फैली हुई है। इसमें पश्चिम की ओर हिंदुकुश, उत्तर-पूर्व की ओर तिएनशान, पूर्व की ओर क्युनलुन तथा दक्षिण-पूर्व की ओर काराकोरम व हिमालय पर्वत शृंखलाएँ फैली हुई है।
स्रोत-NCERT, देश और उनके निवासी, भाग-3 कक्षा-8, पृष्ठ सं॰-47

63. एस्किमो निवासी है-
(A) कनाडा (B) मंगोलिया
(C) मलाया (D) श्रीलंका
उत्तर-(A)

Downloaded from: www.studymarathon.com

व्याख्या-एस्किमो मुख्यतः कनाडा के मूल निवासी है। ये बर्फ के घर (इग्लू) में रहते हैं तथा स्लेज (कुत्तों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ी) का प्रयोग करते है।
स्रोत-NCERT, देश और उनके निवासी, भाग-2 कक्षा-7 पृष्ठ सं०-35

64. किस वैज्ञानिक ने 'अपरदन चक्र' सिद्धांत में परिवर्तन किया?
(A) पेंक (Penk) (B) डेविस
(C) हट्टन (D) डट्टन उत्तर-(A)
व्याख्या-वाल्टर पेंक ने जलीय स्थलाकृति के निर्माण एवं विकास से संबंधित अपरदन चक्र के सिद्धांत तथा ढालों के विकास से संबंधित ढाल प्रतिस्थापन सिद्धांत को प्रस्तुत किया। डेविस ने सर्वप्रथम स्थलरूपों के निर्माण एवं विकास से संबंधित सामान्य सिद्धांत, 'भौगोलिक चक्र' का प्रतिपादन किया, जिसे 'ऐतिहासिक अनुक्रम सिद्धांत' कहा जाता है। जेम्स हट्टन के साथ एकरूपतावाद का उदय हुआ। इन्होंने वर्तमान भूत की कुँजी है तथा 'न आदि का पता है न अन्त का भविष्य' जैसी संकल्पना का प्रतिपादन किया।
स्रोत-भौतिक भूगोल-सविन्द्र सिंह पृष्ठ सं०-3

65. 'Evening Star' किस ग्रह को कहते है?
(A) मंगल (B) वृहस्पति
(C) शुक्र (वीनस) (D) शनि
उत्तर-(C)
व्याख्या-शुक्र ग्रह प्रातःकाल में पूर्वी आकाश में तथा अपराहन काल में पश्चिम आकाश में दिखाई देता है। इसलिए इसे Evening Star यानी शाम का तारा एवं भोर का तारा कहा जाता है। इस ग्रह का आकार पृथ्वी के बराबर है। इसलिए इसे पृथ्वी का जुड़वाँ या पृथ्वी की बहन कहते हैं। इसका कोई उपग्रह नहीं है।
स्रोत-हाई स्कूल भौतिकी, भारती भवन, कक्षा-10, पृष्ठ सं०-220, संस्करण-1997

66. शनि सूर्य के चारों ओर एक चक्कर लगाने में कितना समय लेता है?
(A) 18.5 वर्ष (B) 36 वर्ष
(C) 29.5 वर्ष (D) 84 वर्ष
उत्तर-(C)
व्याख्या-सूर्य के चारों ओर शनि ग्रह को परिक्रमण में 29.46 वर्ष लगता है। बृहस्पति के बाद दूसरा सबसे बड़ा ग्रह शनि ही है। इसके उपग्रहों की संख्या भी बृहस्पति के बाद दूसरा है। शनि के 60 उपग्रह है।
स्रोत-नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस, पृष्ठ सं०-8

67. हमारे अन्तरिक्ष में कितने तारामण्डल है?
(A) 87 (B) 88
(C) 89 (D) 90 उत्तर-(C)
व्याख्या-वर्तमान समय में कुल 89 तारामण्डल ज्ञात है। सबसे बड़ा हाइड्रा है।
स्रोत-हाई स्कूल भौतिकी, भारती भवन कक्षा-10, पृष्ठ सं०-220-221

68. गल्फ स्ट्रीम है-
(A) खाड़ी में एक नदी (B) एक महासागरीय धारा
(C) जेट स्ट्रीम (D) एक धरातलीय हवा
उत्तर-(B)
व्याख्या-ब्राजील के साओ रॉक अंतरीप के समीप दक्षिणी विषुवतीय धारा दो शाखाओं में बँट जाती है। इसकी उत्तरी शाखा उत्तरी विषुवतीय धारा में मिल जाती है। इस सम्मिलित धारा के कुछ अंश कैरिबियन सागर तथा मैक्सिको की खाड़ी में प्रवेश करते हैं। जबकि शेष भाग वेस्ट इंडीज द्वीप समूह के पूर्वी किनारे पर 'अटाईल्स धारा' के नाम से बहती हुई गुजरती है। जो शाखा मेक्सिको की खाड़ी में प्रवेश करती है उसमें मिसिसिपी नदी द्वारा अतिरिक्त जल की आपूर्ति होती है फ्लोरिडा मुहाने से बाहर निकलती है। जहाँ अटाईल्स की धारा से मिल जाती है। फ्लोरीडा अंतरीप से यह सम्मिलित धारा U.S.A. के दक्षिण-पूर्वी तट पर बहने लगती है। इसे हेटरस अंतरीप तक फ्लोरिडा धारा कहते है। हेटरस अंतरीप से न्यू फांउलैंड के समीप स्थित ग्रैंड बैंक तक इस धारा को गल्फ स्ट्रीम कहते हैं। यह गर्म जलधारा है जो अटलांटिकक महासागर में बहती है।
स्रोत-NCERT भूगोल के सिद्धांत, कक्षा-11, पृष्ठ सं०-187, 188

69. ग्रह जिसका कोई उपग्रह नहीं है-
(A) मंगल (B) बुध
(C) नेपच्यून (D) प्लूटो
उत्तर-(B)
व्याख्या-सौर मण्डल में बुध एवं शुक्र का कोई उपग्रह नहीं है। मंगल को दो उपग्रह 'फोबास' एवं 'डीमोस' है। नेप्च्यून को उपग्रह-13 हैं, 'ट्रिटोन' सबसे बड़ा। प्लूटो के तीन उपग्रह-कैरोन, निक्स और हाइड्रा।
स्रोत-मनोरमा ईयर बुक, 2013, पृष्ठ सं०-402

70. फिजी द्वीप अवस्थित है-
(A) अटलांटिक महासागर में
(B) प्रशान्त महासागर में
(C) हिन्द महासागर में
(D) अरब महासागर में
उत्तर-(B)
व्याख्या-प्रशान्त महासागर में फिजी द्वीप अवस्थित है। इसकी राजधानी 'सुवा' है। यहाँ भारतीय मूल की जनसंख्या अधिक है।
स्रोत-The ttk स्कूल एटलस, पृष्ठ सं०-51

Downloaded from: www.studymarathon.com

71. किलिमन्जारो है एक-
(A) आग्नेय गिरि (volcano) (B) द्वीप
(C) शृंग (peak) (D) नदी

उत्तर-(A)

व्याख्या-किलिमन्जारो एक मृत ज्वालामुखी पर्वत है, जो तंजानिया एवं केन्या की सीमा पर अवस्थित है। यह अफ्रीका महादेश का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर है। (5895 मी॰) यह मुख्य रूप से तंजानिया में स्थित है।
स्रोत-NCERT कक्षा-10, भूगोल के मूल सिद्धांत, भाग-1, पृष्ठ सं॰-40, एवं The ttk स्कूल एटलस, पृष्ठ सं॰-50

72. अंतराष्ट्रीय दिनांक रेखा (International Date Line) खींची जाती है-
(A) अफ्रीका से होकर
(B) एशिया से होकर
(C) प्रशान्त महासागर से होकर
(D) अटलांटिक महासागर से होकर

उत्तर-(C)

व्याख्या-180^0 देशांतर पूर्व एवं पश्चिमी अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा कहलाती है। यह प्रशांत महासागर से होकर गुजरती है। यह रेखा केवल ज़ल भाग से ही गुजरती है, इसलिए यह सीधी न होकर आठ बार मुड़ी हुई है। इसका कारण है कि इस रेखा को पार करने पर तिथि बदल जाती है। (पूर्व से पश्चिम जाने पर एक दिन घटाते हैं और पश्चिम से पूर्व जाने पर एक दिन जोड़ते हैं। यदि इसे किसी स्थल भाग से गुजारा जाए तो एक स्थल भाग पर दो तिथि होगी, जो काफी असमजंस वाली स्थिति होगी। अत: इस भ्रम की स्थिति को समापत करने के लिए ही इसको केवल जल भाग से ही गुजारा गया है।
स्रोत-नवीन स्कूल एटलस, पृष्ठ सं॰-15

73. मलक्का जलसंयोजी से आने-जाने की सुविधाएँ है-
(A) हिन्द महसागर से चीन सागर तक
(B) लाल सागर से भूमध्य सागर तक
(C) अटलांटिक महासागर से प्रशान्त महासागर तक
(D) भूमध्य सागर से काला सागर तक

उत्तर-(A)

व्याख्या-मलक्का जलसंधि दक्षिणी चीन सागर तथा अण्डमान सागर को जोड़ती है। यह जलसंधि इण्डोनेशिया एवं मलेशिया को अलग करती है।
स्रोत-The ttk स्कूल एटलस, पृष्ठ सं॰-34

74. भारत के लिए किस देश से सर्वाधिक द्विपक्षीय सहायता आती है-
(A) यू.एस.ए.
(B) जापान
(C) पेट्रोलियम निर्यात देशों का संगठन
(D) इग्लैण्ड

उत्तर-(A)

व्याख्या-भारत को U.S.A. से 1951 से सहायता राशि मिलनी शुरू हुई। मार्च 2011 तक सहायता के रूप में 15.5 बिलियन अरब डालर मिला, जो सबसे अधिक है। दूसरा स्थान जापान, तोसरा स्थान जर्मनी तथा चतुर्थ स्थान ब्रिटेन का आता है।
स्रोत-भारत 2013 प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-358 एवं प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक 2012, पृष्ठ सं॰-213

75. सन् 1991 ई॰ की जनगणना के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था में जन्म दर है-
(A) 30 प्रति हजार (B) 24 प्रति हजार
(C) 18 प्रति हजार (D) 10 प्रति हजार

उत्तर-(B)

व्याख्या-जन्म दर प्रति हजार (जनगणना के अनुसार)

1991	2001	2011
24	28	22.1

स्रोत-प्रतिदर्थ पंजीकरण प्रणाली, भारत के महापंजीयक का कार्यालय, गृह मंत्रालय

76. भारत में राष्ट्रीय लेखा समंक (National Account statistics) एकत्रित किये जाते हैं-
(A) भारतीय सांख्यिकी संस्थान (ISI) द्वारा
(B) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) द्वारा
(C) योजना आयोग द्वारा
(D) फेडरेशन ऑफ इण्डियन चेम्बर ऑफ कॉमर्श एण्ड इण्डस्ट्री (FICCI) द्वारा।

उत्तर-(B)

व्याख्या-भारत में राष्ट्रीय लेखा समंक केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा एकत्रित किये जाते हैं।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-13

77. कौन-सा ऐसा कर है जो केन्द्रीय सरकार द्वारा लगाया जाता है, लेकिन उससे प्राप्त आय को केन्द्र और राज्य में विभाजित कर दिया जाता है-
(A) केन्द्रीय शुल्क (B) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क
(C) निगम कर (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(B)

व्याख्या-केन्द्रीय उत्पादन शुल्क केन्द्र एवं राज्य सरकारों के बीच विभाजन किया जाता है।
स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ सं॰-243

78. खेती के अन्तर्गत क्षेत्र के अनुसार भारत में सबसे महत्वपूर्ण खाद्य फसल कौन-सी है-
(A) गेहूँ (B) मक्का
(C) जौ (D) चावल

उत्तर-(D)

व्याख्या-चावल, भारत की मुख्य खाद्य फसल है। यह उष्णकटिबंधीय पौधा है। बोये खाद्यान्नों के अंतर्गत 37% भूभाग पर धान की खेती होती है।

Downloaded from: www.studymarathon.com

स्रोत-भारत का भूगोल NCERT, कक्षा-10, पृष्ठ सं०-94-95

79. भारत की बैंकिंग प्रणाली में उच्चतम बैंक कौन-सा है?
(A) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
(B) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया
(C) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया
(D) इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक ऑफ इण्डिया।

उत्तर-(B)

व्याख्या-रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) की स्थापना 1 अप्रैल 1935 ई० में की गई तथा राष्ट्रीयकरण 1949 में कर दिया गया। यह देश का सर्वोच्च मौद्रिक एवं बैंकिंग प्राधिकरण है और देश की बैंकिंग प्रणाली को नियमित करने का दायित्व इसी पर हैं। भारत सरकार का केन्द्रीय बैंक है। इसका कार्य करेंसी नोटों का निर्गमन, साख नियंत्रण करना एवं सरकारी बैंक के रूप में कार्य करना आदि।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-906, 951-52

80. भारतीय अर्थव्यवस्था का कौन-सा क्षेत्र सकल राष्ट्रीय उत्पादन में सबसे अधिक योगदान करता है-
(A) प्राथमिक क्षेत्र (B) द्वितीयक क्षेत्र
(C) तृतीयक क्षेत्र (D) सार्वजनिक क्षेत्र

उत्तर-(C)

व्याख्या-भारत की राष्ट्रीय आय में योगदान विभिन्न क्षेत्रों का इस प्रकार हैं-
(1) कृषि (प्राथमिक क्षेत्र) - 14%
(2) उद्योग (द्वितीयक क्षेत्र) - 27%
(3) सेवा (तृतीयक क्षेत्र) - 59%
स्रोत-आर्थिक समीक्षा 2011-12, भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-17

81. भारत में कौन-सा कृषि वित्त का स्रोत नहीं है?
(A) सहकारी समितियाँ (B) व्यापारिक बैंक
(C) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(D)

व्याख्या-भारत में कृषि के लिए वित्त उपलब्ध सहकारी समितियाँ, व्यापारिक बैंक, ग्रामीण क्षेत्रीय बैंक, भूमि विकास बैंक, नाबार्ड इत्यादि उपलब्ध कराते हैं।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-614-615

82. भारत में इनमें से कौन-सा औद्योगिक वित्त का स्रोत नहीं है?
(A) भारतीय औद्योगिक वित्त निगम
(B) नाबार्ड
(C) राज्य वित्तीय बैंक
(D) यूनिट ट्रस्ट ऑफ इण्डिया

उत्तर-(B)

व्याख्या-नाबार्ड ग्रामीण एवं कृषि विकास हेतु वित्तीयन करता है।

83. किस वर्ष में भारतीय रूपये का महीने में दो बार अवमूल्यन किया गया?
(A) सन् 1990 ई० में (B) सन् 1991 ई० में
(C) सन् 1994 ई० में (D) सन् 1995 ई० में

उत्तर-(B)

व्याख्या-अवमूल्यन का अर्थ होता है देश की मौद्रिक इकाई के मूल्य को विदेशी मुद्रा के सापेक्ष जानबूझकर कम करना। इस प्रक्रिया से विदेशी बाजार में निर्यात सस्ता और घरेलू बाजार में आयात महंगा हो जाता है। भारत में तीन बार रुपये का अवमूल्यन किया जा चुका है-प्रथम 1949 ई० 30.5%, दूसरा जून, 1966 ई० 36.5% तीसरा-जुलाई-1991 में।
स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक भारतीय अर्थव्यवस्था-2012, पृष्ठ सं०-316

84. भारतीय अर्थव्यवस्था में किस पंचवर्षीय योजना काल के दौरान कीमत स्तर घटा?
(A) प्रथम योजना (B) दूसरी योजना
(C) चौथी योजना (D) वार्षिक योजनाएँ

उत्तर-(A)

व्याख्या-पहली बार योजना की अवधि अप्रैल 1951-56 ई० रही है। यह किसी मॉडल पर आधारित नहीं थी, लेकिन लक्ष्यों को देखने पर हेरॉड एवं डोमर मॉडल के साथ कुछ समानता रखती है। प्रथम पंचवर्षीय योजना की कीमत में किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ा, बल्कि खाद्यान्न उत्पादन के कारण थोक मूल्य सूचकांक में कमी आयी थी।
स्रोत : भारतीय अर्थव्यवस्था-मिश्रा एवं पुरी, पृष्ठ सं०-253

85. भारत में नोट निर्गम प्रणाली आधारित है-
(A) आनुपातिक कोष प्रणाली पर
(B) न्यूनतम कोष प्रणाली पर
(C) स्थिर विनिमय प्रणाली
(D) पूर्ण परिवर्तनशील प्रणाली पर

उत्तर-(B)

व्याख्या-भारत ने 1957 के बाद पत्र मुद्रा निर्गमन में न्यूनतम प्रारक्षण प्रणाली (Minimum Reserve system) को अपनाया। इसके तहत प्रचालन विभाग के पास स्वर्ण मुद्रा, स्वर्ण एवं विदेशी ऋण पत्र कुल मिलाकर 200 करोड़ रूपये मूल्य से कम नहीं होने चाहिए।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-962, प्रतियोगिता दर्पण अतिरिक्तांक, पृष्ठ सं०-142

86. भारत में पंचायती राज प्रतिनिधित्व करता है-
(A) शक्तियों के विकेन्द्रीकरण का
(B) लोगों की हिस्सेदारी
(C) सामुदायिक विकास का
(D) उपरोक्त सभी का

उत्तर-(D)

व्याख्या-सामुदायिक विकास कार्यक्रम की जाँच करने के लिए एक अध्ययन दल बनाया गया जिसके अध्यक्ष बलवन्त

Downloaded from: www.studymarathon.com

राय मेहता को बनाया गया। इस दल का निष्कर्ष था कि जनता का सहयोग नहीं मिलने के कारण यह कार्यक्रम असफल रहा। इसलिए इसने अपनी रिपोर्ट में इसे सफल बनाने के लिए सिफारिशें कीं कि लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण और ग्गमुदायिक विकास कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पंचायती राज संस्थाओं की तुरन्त शुरूआत होनी चाहिए। इस अध्ययन दल ने इसे लोकतंत्रीय विकेन्द्रीकरण का नाम दिया। अत: शक्ति के विकेन्द्रीकरण तथा विकास कार्यक्रम में लोगों की हिस्सेदारी लेने के उद्देश्य से पंचायती राज की शुरूआत की गयी।

स्रोत-भारतीय प्रशासन-बी.एल. फाड़िया पृष्ठ सं०-590

87. भारत में इनमें से कौन-सा विषय पंचायती राज संस्थाओं की शक्तियों के अन्तर्गत नहीं आता है ?

(A) भूमि सुधार कार्यक्रम का क्रियान्वयन

(B) न्यायिक पुनर्निरीक्षण

(C) निर्धनता निवारण कार्यक्रमों का क्रियान्वयन

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं **उत्तर-(B)**

व्याख्या-संविधान के 73वाँ संशोधन 1992 द्वारा भाग-9 अंत: स्थापित किया गया, एक नयी अनुसूची 11वीं समाविष्ट की गई, जिसके अन्तर्गत 29 विषय हैं, जैसे—कृषि, भूमि विकास, भूमि संरक्षण, लघु सिंचाई, पशुपालन, मत्स्य उद्योग, सामाजिक वानिकी, ग्रामोद्योग, पेयजल, सड़के, शिक्षा, बाजार और मेले, स्वास्थ्य और स्वच्छता आदि। भारत में न्यायिक पुनर्निरीक्षण का अधिकार केवल उच्चतम न्यायालय को है।

स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय-बी.के. शर्मा पृष्ठ सं०-290-92

88. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि करने की शक्ति किसके पास है ?

(A) प्रधानमंत्री (B) राष्ट्रपति

(C) संसद (D) विधि मंत्रालय **उत्तर-(C)**

व्याख्या-भारत के उच्चतम न्यायालय की स्थापना संविधान के अनुच्छेद 124 द्वारा हुई है। 1950 में जो संविधान बना था उसके अनुसार इस न्यायालय में एक मुख्य न्यायमूर्ति तथा 7 अन्य न्यायाधीश थे। वर्तमान में वह एक मुख्य न्यायमूर्ति तथा 30 अन्य न्यायाधीशों से मिलकर बना है। संसद को यह अधिकार है कि वह विधि बनाकर न्यायाधीशों की संख्या विहित करे।

स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय, बी.के. शर्मा पृष्ठ सं०-248

89. संघीय लोक सेवा आयोग का गठन कौन करता है ?

(A) संसद (B) राष्ट्रपति

(C) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(D) प्रवर समिति **उत्तर-(B)**

व्याख्या-अनुच्छेद 315 में कहा गया है कि संघ के लिए एक लोक सेवा आयोग एवं राज्यों के लिए राज्य लोक सेवा आयोग का गठित करने का विचार है। संघ लोक सेवा आयोग या संयुक्त सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। राज्य आयोग के अध्यक्ष आदि की नियुक्ति उस राज्य को राज्यपाल करता है। संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य अपने पदग्रहण के 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक वही राज्य या संयुक्त आयोग के सदस्य 6 वर्ष या 62 वर्ष तक पद पर बने रह सकते हैं।

स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय बी.के. शर्मा, पृष्ठ सं०-344

90. भारत सरकार को कानूनी विषयों पर कौन परामर्श देता है ?

(A) अटार्नी जनरल (महान्यायवादी)

(B) उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

(C) विधि आयोग के अध्यक्ष

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं **उत्तर-(A)**

व्याख्या-संविधान के अनु.-76 में महान्यायावादी का उल्लेख है। इसके अनुसार राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त होने के लिए अर्हता प्राप्त किसी व्यक्ति को महान्यायवादी नियुक्त कर सकता है। यह राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यंत पद धारण कर सकता है। यह सरकार का मुख्य विधि अधिकारी है। उसे भारत के सभी न्यायालयों में सुनवाई का अधिकार है। साथ ही उसे संसद के दोनों सदनों में बोलने तथा उनकी कार्यवाहियों में भाग लेने का अधिकार होता है; पर वह वोट नहीं दे सकता।

स्रोत-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं०-164

91. लोकसभा में आंग्ल-भारतीय समुदाय से सदस्य मनोनीत करने की शक्ति किसके पास है ?

(A) अल्पसंख्यक आयोग (B) राष्ट्रपति

(C) प्रधानमंत्री (D) उपराष्ट्रपति **उत्तर-(B)**

व्याख्या-संविधान के अनुच्छेद 331 में यह उपबंध है कि राष्ट्रपति आंग्ल-भारतीय समुदाय के अधिक से अधिक दो सदस्य लोक सभा में नाम निर्दिष्ट कर सकता है। मूलत: यह उपबंध 10 वर्ष की अवधि तक प्रवृत रहना था, किन्तु अनु. 334 को बार-बार संशोधित करके यह आरक्षण बढ़ाया जाता रहा है। अब इसकी अवधि संविधान के प्रारंभ से 60 वर्ष के समाप्त होने तक है, अर्थात 2010 तक।

स्रोत-भारत का संविधान-एक परिचय-बी.के. शर्मा पृष्ठ सं०-182

92. भारत का कार्यपालिका अध्यक्ष (Executive head) कौन है ?

(A) राष्ट्रपति (B) प्रधानमंत्री

(C) विरोधी दल के नेता

(D) भारत सरकार का मुख्य सचिव **उत्तर-(A)**

Downloaded from: www.studymarathon.com

पहले विलियम मोरटन ने डाई एथिल ईथर के रूप में किया। नाइट्रस ऑक्साइड का प्रयोग भी शल्य चिकित्सा के समय एनस्थीसीया (निश्चेतक) के रूप में किया जाने लगा।

स्रोत-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-IX

108. वाहनों से निकलने वाली प्रदूषित गैस कौन-सी है ?

(A) कार्बन डाई-ऑक्साइड (B) कार्बन मोनोआक्साइड

(C) मार्श गैस (D) नाइट्रोजन ऑक्साइड

उत्तर-(B)

व्याख्या-वाहनों के धुएँ में अनेक घातक रसायन पाए जाते हैं। कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन के ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, सीसा इत्यादि।

स्रोत-हाई स्कूल रसायनशास्त्र-I, भारती भवन, पृष्ठ सं॰-90

109. भारत में सबसे पहले रेलमार्ग तैयार हुआ था-

(A) 1853 ई॰ में (B) 1854 ई॰ में

(C) 1855 ई॰ में (D) 1859 ई॰ में

उत्तर-(A)

110. निम्न में से कौन सी धातु रोशनी के बल्बों में फिलामेंट के रूप में प्रयोग होती है-

(A) लौह (B) मोलिब्डिनम

(C) चाँदी (D) टंगस्टन

उत्तर-(D)

व्याख्या-विद्युत बल्ब में पतले तार होते हैं, जिसे तंतु या फिलामेंट कहते हैं। यह टंगस्टन का बना होता है, क्योंकि इसका गलनांक अत्यधिक उच्च (लगभग 3400°C) होता है।

स्रोत : हाई स्कूल भौतिकी भाग-2 भारती भवन, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰-76

111. निम्नलिखित में से किसे शुष्क बर्फ कहते है-

(A) डिहाइड्रेटेड बर्फ

(B) पहाड़ों पर गिरने वाली प्राकृतिक बर्फ

(C) ठोस कार्बन डाई ऑक्साइड

(D) ठोस कार्बन मोनोऑक्साइड

उत्तर-(C)

व्याख्या-शुष्क बर्फ, ठोस कार्बन डाइऑक्साइड होता है। CO_2 को जब उच्च दाब पर संपीडित करके ठण्डा किया जाता है तो कार्बन डाइऑक्साइड द्रव में संघनित हो जाता है दाब बढ़ने पर द्रव CO_2 धीरे-धीरे ठोस में परिणत हो जाता है, जिसे शुष्क बर्फ कहते हैं। इसका उपयोग रेफ्रिजरेशन में होता है।

स्रोत-NCERT, कक्षा-9, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी।

112. निम्न धातुओं में से कौन सामान्य ताप पर द्रव है?

(A) सीसा (B) पारा

(C) निकिल (D) टिन

उत्तर-(B)

व्याख्या-वर्तमान में 114 से अधिक तत्व ज्ञात है जिन्हें धातु एवं अधातु में वर्गीकृत किया गया है। इन तत्वों में केवल 22 अधातु है। सभी धातु ठोस अवस्था में होते हैं। अपवाद स्वरूप पारा (मर्करी) जो कमरे के ताप पर द्रव है। प्रयोग-थर्मामीटर, सिन्दूर, अमलगम आदि में।

स्रोत-NCERT कक्षा-10, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं॰-199

113. सौर ऊर्जा निम्न में से किससे प्राप्त होती है।

(A) चन्द्रमा (B) समुद्र

(C) सूर्य (D) हवा

उत्तर-(C)

व्याख्या-सौर ऊर्जा को वैकल्पिक ऊर्जा का अक्षय भण्डार माना गया है। सूर्य से जो ऊर्जा प्राप्त होती है वह नाभिकीय संलयन पर आधारित है, जो कभी समाप्त होने वाला नहीं है। इसे प्राप्त करने के लिए सौर सेल का उपयोग किया जाता है, जिसमें सिलिकॉन का उपयोग किया जाता है।

114. निम्न में से कौन सी धातु अर्द्धचालक रूप से ट्रांजिस्टर में प्रयोग होती है?

(A) ताँबा (B) जर्मेनियम

(C) ग्रेफाइड (D) चाँदी

उत्तर-(B)

व्याख्या-अर्द्धचालक वह तत्व होता है जिसकी चालकता विद्युतरोधी पदार्थ और चालक के बीच होती है। ट्रांजिस्टर में जर्मेनियम का प्रयोग किया जाता है। कुछ अर्द्धचालक का उपयोग चिप निर्माण में भी होता है। प्रमुख अर्द्ध धातु बोरॉन, सिलिकन, जर्मेनियम, आर्सेनिक, ऐंटिमनी आदि हैं।

स्रोत-NCERT कक्षा-10, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं॰-105

115. टरबाइन एवं डायनेमों से बिजली प्राप्त करने में किस ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करते हैं।

(A) रासायनिक ऊर्जा (B) सौर ऊर्जा

(C) मेकेनिकल ऊर्जा (D) मैगनेटिक ऊर्जा

उत्तर-(C)

व्याख्या-टरबाइन को जल की धारा से चलाकर विद्युत उत्पादन किया जाता है। डायनेमों एक ऐसा यंत्र है जो यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलता है। यह विद्युत चुम्बकीय प्रेरण पर आधारित है।

स्रोत-हाई स्कूल, भौतिकी-2, कक्षा-10, भारती भवन पृष्ठ सं॰-101

116. पढ़ने में काम आने वाले ग्लास लेन्स किस प्रकार के लेन्स से बनते हैं?

(A) अवतल (B) उत्तल

(C) साधारण (D) (A) और (B)

उत्तर-(B)

Downloaded from: www.studymarathon.com

व्याख्या-पढ़ने के लिए उत्तल लैंस का प्रयोग किया जाता है। उत्तल लेन्स को नेत्र लैंस या स्फटिक लेन्स भी कहा जाता है। यह लेन्स बीच में मोटा तथा किनारा पतला होता है। यह अनन्त से आने वाली किरणें को सिकोड़ता है।
स्रोत-हाई स्कूल भौतिकी-2, कक्षा-10, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृष्ठ सं०-52

117. यदि $a=13, b=14$ एवं $c=15$ हो तो $\tan\frac{c}{2}$ का मान चुने-

(A) $\frac{1}{2}$ (B) $\frac{2}{3}$

(C) $\frac{4}{7}$ (D) $\frac{1}{7}$ **उत्तर-(B)**

व्याख्या-प्रश्नानुसार,

$a=13, b=14, c=15$

$$\therefore\ S=\frac{a+b+c}{2}$$

$$=\frac{13+14+15}{2}=\frac{42}{2}=21$$

$$\tan\frac{c}{2}=\sqrt{\frac{(s-a)(s-b)}{s(s-c)}}$$

जहाँ, $S=\frac{a+b+c}{2}=21$

$$=\sqrt{\frac{(21-13)(21-14)}{21(21-15)}}=\sqrt{\frac{8\times7}{21\times6}}=\frac{2}{3}$$

118. निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है-

(A) प्रत्येक ऋणात्मक संख्या का वर्ग होता है।

(B) ऋणात्मक संख्या का वर्गमूल नहीं होता है।

(C) $-\infty$ ऋणात्मक संख्या है।

(D) $-\pi$ बीजातीय संख्या है। **उत्तर-(C)**

व्याख्या-$(-\infty)$ कोई ऋणात्मक संख्या नहीं है, अत: यह असत्य है।

119. आँकड़ों (1, 6), (2, 9), (3, 6), (4, 7), (5, 8), (6, 5), (7, 12), (8, 3), (9, 17), (10, 1) के लिए सह प्रसरण चुनें-

(A) 0.4 (B) 0.6

(C) 4 (D) 6 **उत्तर-(A)**

व्याख्या-$(a)^2=\frac{1}{n}\sum_{n=1}^{n}(x_1-\bar{x})(y-\bar{y})$

$$\bar{x}=\frac{1+2+3+4+5+6+7+8+9+10}{10}$$

$$=\frac{55}{10}=5.5$$

$$\bar{y}=\frac{6+9+6+7+8+5+12+3+17+1}{10}$$

$$=\frac{74}{10}=7.4$$

x_1	$(x_1-\bar{x})$	y_1	$(y_1-\bar{y})$	$(x_1-\bar{x})(y_1-\bar{y})$
1	–4.5	6	–1.4	+6.3
2	–3.5	9	+1.6	–5.6
3	–2.5	6	–1.4	+3.5
4	–1.5	7	–0.4	+0.6
5	–0.5	8	+1.4	–0.7
6	+0.5	3	–2.4	–1.2
7	+1.5	12	+4.6	+6.9
8	+2.5	3	–4.4	–11.0
9	+3.5	17	+9.6	+33.6
10	+4.5	1	–6.4	–28.8

तथा $n=10$

$$\Sigma(x_1-\bar{x})(y_1-\bar{y})=40$$

$$(a)^2=\frac{1}{n}\Sigma(x_1-\bar{x})(y_1-\bar{y})=\frac{1}{10}\times40=4$$

120. यदि $y=|x|, (x\neq0)$ हो तो, $\frac{dy}{dx}$ का मान चुनें-

(A) $\frac{|x|}{x}$ (B) 1

(C) $\frac{x}{|x|}$ (D) -1 **उत्तर-(B)**

व्याख्या-$y=|x|, (x\neq0)$

या, $y=x$

$$\therefore\ \frac{dy}{dx}=1$$

121. असत्य कथन चुनें-

(A) गणितीय कृति लघु-भास्करी भास्कर-1 द्वारा लिखित है

(B) वक्षाली अभिलेख में पाटिगणित भी है

(C) दशमलव विधि यूरोपियनों द्वारा ढूँढी गई

(D) गणित तिलक ग्यारहवीं सदी की कृति है **उत्तर-(C)**

व्याख्या-दशमलव विधि भारतीय गणितज्ञों द्वारा ढूँढी गयी थी।

Downloaded from: www.studymarathon.com

122. निम्न में से 13° 12' का मान चुनिए।

(A) $\frac{11}{150}\pi$ (B) $\frac{13}{150}\pi$

(C) $\frac{6}{125}\pi$ (D) $\frac{11}{45}\pi$ उत्तर-(A)

व्याख्या- $13°12' = 13° + \left(\frac{12°}{60} = \frac{1^0}{5}\right)$

$13° + \frac{1°}{5} = \left(\frac{66}{5}\right)^o$

$\left(\frac{66}{5}\right)^O = \frac{\pi}{180} \times \frac{66}{5} = \frac{11}{150}\pi$

123. समीकरण $x = 5 + 3\cos\alpha$ एवं $y = 7 + 3\sin\alpha$ है संयुक्त रूप से एक-

(A) परवलय (B) वृत

(C) अतिपरवलय

(D) सेवा युग्म को निरूपित करते हैं उत्तर-(B)

व्याख्या- $x = 5 + 3\cos a$

या, $x - 5 = 3\cos a$

या, $\cos a = \frac{x-5}{3}$

या, $\cos^2 a = \left(\frac{x-5}{3}\right)^2$ ...(i)

तथा $y = 7 + 3\sin a$

या, $\sin a = \frac{y-7}{3}$

या, $\sin^2 a = \left(\frac{y-7}{3}\right)^2$ ...(ii)

समीकरण (i) और (ii) को जोड़ने पर :-

$\left(\frac{x-5}{3}\right)^2 + \left(\frac{y-7}{3}\right)^2 = 1$

$\because$ $(\sin^2 a + \cos^2 a = 1)$

$(x-5)^2 + (y-7)^2 = (3)^2$

यह वृत्त का समीकरण है, जिसका केन्द्र (5, 7) और त्रिज्या 3 है।

124. सही कथन चुनें-

(A) $|Z_1| + |Z_2| \le |Z_1 + Z_2|$, $Z_1 Z_2 \in C$

(B) $|x| = \begin{pmatrix} x, x \ge 0 \\ -\pi, \pi < 0 \end{pmatrix} x \in R$

(C) $i = \sqrt{-1}$ एक वास्तविक संख्या है

(D) 0.1234567 .... एक परिमेय संख्या है

उत्तर-(B)

व्याख्या-चूँकि हम जानते हैं कि

$|z_1 + z_2|^2 = |z_1|^2 + |z_2|^2 + 2|z_1||z_2|\cos\theta$

तब $\cos(\theta_1 - \theta_2) \le 2$

दोनों तरफ $2|z_1||z_2|$ से गुणा करने पर,

$\Rightarrow 2|z_1||z_2|\cos(\theta_1 - \theta_2) \le 2|z_1||z_2|$

$\Rightarrow |z_1|^2 + |z_2|^2 + 2|z_1||z_2|\cos(\theta_1 - \theta_2) \le |z_1|^2 + |z_2|^2 + 2|z_1||z_2|$

$\Rightarrow |z_1 + z_2|^2 \le [|z_1| + |z_2|^2]$

$\Rightarrow |z_1 + z_2) \le |z_1| + |z_2|$

अत: विकल्प (A) सही नहीं है

पुन: $|x|$ का वास्तविक मान जब x को एक वास्तविक संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है।

$|x| = \begin{cases} x, \text{ जब } x \ge 0 \\ -x \text{ जब } x < 0 \end{cases}$

अर्थात् $|x|$ 30

तब $|x| = 0$ (केवल $x = 0$ के लिए)

अत: विकल्प (B) सत्य है।

स्पष्टतया विकल्प (C) एवं (D) सत्य नहीं है।

125. समुच्चय $(x : x = x + 1)$–

(A) वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है

(B) सम्मिश्र संख्याओं का समुच्चय है

(C) अभाज्य संख्याओं का समुच्चय है

(D) रिक्त समुच्चय हैं उत्तर-(A)

व्याख्या-समुच्चय $|x : x = x + 1|$ में x का कोई भी मान रखने पर एक वास्तविक संख्या प्राप्त होती है।

126. निम्न कथनों में से कौन सा असत्य है ?

(A) किसी भी समकोण त्रिभुज में दो न्यून कोण पूरक कोण होते हैं

(B) समचतुर्भुज के कर्ण एक-दूसरे को समकोण पर समद्विभाजित करते हैं

(C) यदि किसी चतुर्भुज के कर्ण एक-दूसरे को समद्विभाजित करते हैं तो आकृति समानान्तर चतुर्भुज की है

(D) प्रत्येक त्रिभुज का अधिक से अधिक एक न्यून कोण होना चाहिए उत्तर-(D)

Downloaded from: www.studymarathon.com

व्याख्या-प्रत्येक त्रिभुज का कम से कम दो न्यूनकोण होना आवश्यक है एवं अधिक से अधिक तीन न्यूनकोण होगा।

127. बिहार में क्षेत्र के प्रतिशत के रूप में कूल वन क्षेत्र है-

(A) 32% (B) 21%
(C) 19% (D) 31% **उत्तर-(C)**

व्याख्या-विभाजन पूर्व बिहार में वन क्षेत्र कुल भु-क्षेत्र का 19.8% था, लेकिन, दिभाजन के बाद बिहार में कुल भौगोलिक क्षेत्र का 6.65% है (लगभग 6.22 लाख हेक्टयेर क्षेत्र में विस्तृत)

स्रोत-भारत 2013 प्रकाशन विभाग पृष्ठ सं॰-1019

128. इनमें से कौन-सा जिला झारखण्ड राज्य में शामिल नहीं है ?

(A) गोड्डा (B) राँची
(C) बोकारो (D) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(D)

व्याख्या-उपरोक्त सभी तीन जिले झारखण्ड राज्य में शामिल है।

स्रोत-ऑक्सफोर्ड एटलस।

129. सन् 1991 ई. की जनगणना के अनुसार बिहार में शहरी जनसंख्या का अनुपात क्या है ?

(A) 13.14% (B) 14.13%
(C) 10.03% (D) 23.17% **उत्तर-(A)**

व्याख्या-2011 की जनगणना के अनुसार बिहार में नगरी जनसंख्या — 11.30% है। सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या वाला जिला पटना है।

स्रोत-जनसंख्या रिपोर्ट-2011

130. बिहार राज्य की मुख्य नकदी फसल कौन-सी है ?

(A) चाय (B) रबर
(C) गन्ना (D) नारियल और कॉफी
उत्तर-(C)

व्याख्या-बिहार के प्रमुख नकदी फसल-गन्ना, आलू, तंबाकू, तिलहन, प्याज पटसन, मेस्ता, मिर्च आदि है।

स्रोत-भारत 2013 प्रकाशन विभाग पृष्ठ सं॰-1019

131. बिहार का कौन-सा शहर वन्य जीव सेंचुअरी और राष्ट्रीय पार्क के लिए प्रसिद्ध है ?

(A) हजारीबाग (B) नालन्दा
(C) गया (D) जमशेदपुर **उत्तर-(C)**

व्याख्या-बिहार में गया जिले में बोध गया में गौतम बुद्ध वन्य जीव सेंचुअरी है। झारखण्ड में हजारीबाग चला गया है।

स्रोत-बिहार एक परिचय-इम्तियाज अहमद।

132. बिहार में कृषि के अन्तर्गत क्षेत्र है-

(A) 95 लाख हेक्टेयर (B) 85 लाख हेक्टेयर
(C) 89 लाख हेक्टेयर (D) 89.9 लाख हेक्टेयर
उत्तर-(B)

व्याख्या-विभाजन के पूर्व 85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र कृषि के अन्तर्गत आता था।

133. निम्न में से कौन-कौन-से खनिज बिहार में मिलते हैं।

1. कोयला 2. लौह
3. मैंगनीज 4. पेट्रोलियम

निम्न में से अपना उत्तर चुनिए-

(A) केवल 1 (B) 1 एवं 2
(C) 1 एवं 3 (D) 1, 2, एवं 4
उत्तर-(B)

व्याख्या-वर्तमान में विभाजन के बाद सारे संसाधन झारखण्ड में चले गये है।

134. सारण सिंचाई नहर निकलती है-

(A) सोन से (B) गंगा से
(C) कोसी से (D) गण्डक से **उत्तर-(D)**

व्याख्या-गंडक नदी पर त्रिवेणी नामक स्थान से 760 मीटर दक्षिण में बाल्मीकि नगर के समीप एक बाँध बनाया गया। इस बाँध से पश्चिम की ओर तिरहुत नहर और पूर्व की ओर सारण नहर निकाली गयी। सारण नहर से बिहार के सारण, गोपालगंज तथा सीवान जिले की लगभग 4.8 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित है।

स्रोत-बिहार दिग्दर्शिका, क्रानिकल, पृष्ठ सं॰-221

135. बिहार में साक्षरता का प्रतिशत है-

(A) 42.85% (B) 37.25%
(C) 52.51% (D) 43.56% **उत्तर-(D)**

व्याख्या-वर्तमान में 2011 की जनगणना के अनुसार 63.56% साक्षरता बिहार में है, परन्तु 2001 की जनगणना के अनुसार बिहार की साक्षरता 47.55 प्रतिशत थी।

स्रोत-जनगणना रिपोर्ट-2011

136. निम्न नदियों में सबसे अधिक पथ परिवर्तन किया है-

(A) सोन नदी ने (B) गण्डक नदी ने
(C) कोसी नदी ने (D) गंगा नदी ने **उत्तर-(C)**

व्याख्या-कोसी नदी अपने मार्गों में परिवर्तन करती रहती है। जिससे धन-जन की काफी क्षति होती है। इसलिए इसे "बिहार का शोक" कहा जाता है। यह कुर्सैला के समीप गंगा में मिलती है।

स्रोत-बिहार का भूगोल, संतोष कुमार, पृष्ठ सं॰-43, सृजन-बिहार विशेष पृष्ठ-57

137. 'पाट' अंचल (Region) अवस्थित है-

(A) बिहार में (B) झारखण्ड में
(C) मध्य प्रदेश में (D) मेघालय में **उत्तर-(B)**

व्याख्या-पाट अंचल झारखण्ड के छोटा नागपुर के पठारी प्रदेश में अवस्थित है। राँची पाट के पठार पर अवस्थित है।

स्रोत-बिहार एक परिचय : इम्तियाज अहमद

Downloaded from: www.studymarathon.com

138. बिहार के निम्न जिलों में सबसे बड़ा जिला है-
(A) पटना (B) गया
(C) दरभंगा (D) समस्तीपुर उत्तर-(B)
व्याख्या-गया जिला का क्षेत्रफल—4976 वर्ग किमी. पटना का—3202 वर्ग किमी., दरभंगा 2279 वर्ग किमी. समस्तीपुर 2578 वर्ग किमी. क्षेत्रफल में विस्तृत है।
स्रोत-सृजन बिहार विशेष

139. विभाजनोपरान्त बिहार राज्य की कुल जनसंख्या है-
(A) 64.434 मिलियन (B) 86.371 मिलियन
(C) 72.325 मिलियन (D) 7.562 मिलियन
उत्तर-(B)
व्याख्या-वर्तमान में जनगणना 2011 के अनुसार बिहार की जनसंख्या-10,38,04,637 (8.58%)
स्रोत-जनगणना रिपोर्ट-2011

140. बिहार में शहरी आबादी कुल अवादी का प्रतिशत है-
(A) 10.7% (B) 13.44%
(C) 12.86% (D) 21.56% उत्तर-(A)

141. दामोदर घाटी परियोजना निगम कब स्थापित किया गया था-
(A) सन् 1950 (B) सन् 1954
(C) सन् 1948 (D) सन् 1947 उत्तर-(C)
व्याख्या-U.S.A. की टेनेसी घाटी परियोजना की भाँति दामोदर घाटी परियोजना की स्थापना 1948 में की गई थी, जो वर्तमान में झारखण्ड राज्य में है।
स्रोत-NCERT, भारत का भूगोल, कक्षा-X

142. बिहार में तेलशोधक कारखाना है-
(A) सिंहभूम में (B) रूद्रसागर में
(C) बरौनी में (D) राँची में उत्तर-(C)
व्याख्या-बिहार में एक मात्र तेलशोधक कारखाना बेगूसराय जिले के बरौनी में है। यहाँ कच्चा तेल असम एवं हल्दिया (पं. बंगाल) से आता है।
स्रोत-आक्सफोर्ड एटलस।

143. पलामू (राँची) किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है-
(A) लौह अयस्क (B) ताँबा अयस्क
(C) मैंगनीज अयस्क (D) बॉक्साइड अयस्क
उत्तर-(D)
व्याख्या-पलामू बॉक्साइड अयस्क के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ पर मुरी के पास एल्युमिनियम कंपनी स्थापित है।
स्रोत-नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस।

144. निम्नलिखित में से किस नगर में सूर्य मन्दिर स्थित है-
(A) गया (B) बोधगया
(C) देव (D) राँची उत्तर-(C)
व्याख्या-औरंगाबाद जिले (बिहार) में देव नामक स्थान पर सूर्य मन्दिर है।
स्रोत-सृजन-बिहार विशेष, पृष्ठ-12

145. झारखंड राज्य स्थापित हुआ था-
(A) 1997 ई० में (B) 1998 ई० में
(C) 1999 ई० में (D) 2000 ई० में उत्तर-(D)
व्याख्या-बिहार से पृथक होकर झारखंड राज्य का गठन 15 नवम्बर, 2000 ई० को हुआ। यह देश का 28वाँ राज्य बना।
स्रोत-सृजन, PT विशेषांक, सामान्य अध्ययन।

146. पुराने बिहार की कितनी प्रतिशत जमीन लेकर झारखंड राज्य बना है?
(A) 38.40% (B) 45.85%
(C) 42.35% (D) 52.72% उत्तर-(B)
व्याख्या-झारखंड का क्षेत्रफल 79,714 किमी. है। यह पुराने बिहार के क्षेत्रफल का 45.85% है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह भारत का 15वां राज्य है।
स्रोत-सृजन, सामान्य अध्ययन/ PT विशेषांक।

147. निम्नलिखित में से किस नगर में जापानियों ने 'विश्व शान्ति स्तूप' को निर्माण कराया था?
(A) देव (B) राजगीर
(C) गया (D) बोधगया उत्तर-(D)

148. भारत में सबसे पहले रेलमार्ग तैयार हुआ था-
(A) 1853 ई० में (B) 1854 ई० में
(C) 1855 ई० में (D) 1859 ई० में उत्तर-(A)
व्याख्या-भारत में पहली बार रेलमार्ग गर्वनर जनरल लार्ड डलहौजी के समय 1853 ई० में तैयार हुआ था। 32 कि. मी. की लंबाई वाले रेलमार्ग पर 16 अप्रैल, 1853 को मुम्बई बी.टी. से थाणे तक पहली बार रेलगाड़ी चलायी गई थी।

149. प्रथम भारतीय उपग्रह 'आर्यभट्ट' कब छोड़ा गया?
(A) 10 जुलाई, 1992 (B) 19 अप्रैल, 1975
(C) 1 नवम्बर, 1966 (D) 2 दिसम्बर, 1985
उत्तर-(B)

150. इनसेट (INSAT-2A) कब छोड़ा गया?
(A) 4 फरवरी, 1975
(B) 18 मई, 1974
(C) 10 जुलाई, 1992
(D) 19 अप्रैल, 1975 उत्तर-(C)

●●●

Downloaded from: www.studymarathon.com